सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-142
23/03/2018

# बिहार विधान परिषद की पत्रिका "परिषद् साक्ष्य" के लोहिया विशेषांक का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

पटना, 23 मार्च 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार विधान परिषद के सभाकक्ष में बिहार विधान परिषद की पत्रिका "परिषद् साक्ष्य" के लोहिया विशेषांक का लोकार्पण किया। यह पत्रिका महान स्वतंत्रता सेनानी प्रखर चिंतक एवं प्रसिद्ध समाजवादी डॉ0 राम मनोहर लोहिया के जीवन, व्यक्तित्व, चिंतन और विचार पर केंद्रित है। परिषद साक्ष्य के इस अंक में प्रधान संरक्षक मो0 हारुन रशीद की अपनी बात एवं संपादक डॉ0 उपेंद्र प्रसाद के संपादकीय के अलावे मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सहित देशभर के प्रसिद्ध विचारकों, चिंतकों, कवियों एवं साहित्यकारों के आलेख शामिल है। इस अंक में लोहिया के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण तस्वीरें भी प्रकाशित की गई हैं।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के उप सभापति मो0 हारुण रशीद, परिषद के पूर्व सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, परिषद साक्ष्य के संपादक डॉ0 उपेंद्र प्रसाद, बिहार विधान परिषद के सदस्य श्री नीरज कुमार, श्री संजय सिंह, श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, श्री अशोक कुमार चौधरी, श्री तनवीर अख्तर, श्री दिलीप कुमार चौधरी, श्री केदार नाथ पांडेय, श्रीमती रीना देवी, मो0 गुलाम रसूल बलियावी, श्री राजन कुमार सिंह, श्री सोने लाल मेहता उपस्थित थे।

******